हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 26 नवंबर 2024

# मेट्रो सिटी

## 3 महीने की नवजात बच्ची झाड़ियों में मिली

**नागपुर।** हुड़केश्वर पुलिस थाने के पवन पुत्र नगर वार्ड क्रमांक 1 के पास स्थित पानी की टंकी के पास झाड़ी में एक तीन वर्षीय नवजात बच्ची के मिलने के बाद खलबली मच गई। नागरिकों ने झाड़ियों से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई देने के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इस बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया है और आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस बच्ची एक कपड़े में लपेट कर इन झाड़ियों में रख दिया गया था। इस बच्ची के कान के पास और सिर तथा पीठ पर जख्म के निशान है और उसके शरीर पर भी खरोच के निशान मिले हैं । उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। फिलहाल उसकी प्रकृति ठीक है। डॉक्टर ने इस बच्ची के 3 महीने की होने की जानकारी दी है।

# नागपुर में 90% उम्मीदवारों का डिपॉजिट जब्त

### > केवल 12 उम्मीदवार डिपॉजिट बचाने में रहे कामयाब

**नागपुर।**

इस साल नागपुर शहर के छह विधानसभा क्षेत्रों में 117 उम्मीदवार मैदान में थे। लेकिन सभी छह विधानसभा क्षेत्रों से 12 उम्मीदवारों को छोड़कर कोई भी डिपॉझिट बचाने में कामयाब नहीं हुआ। खास तौर पर जो निर्दलीय या बागी बड़े जोर-शोर से मैदान में उतरे, उन्हें अपेक्षित वोट नहीं मिले, इसलिए देखा गया कि जनता ने उनकी समग्र स्थिति से मुंह मोड़ लिया। सबसे कम वोट 31 थे।

नागपुर की छह सीटों में से चार सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार और दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। उम्मीद थी कि वंचित बहुजन आघाड़ी और बसपा के उम्मीदवारों को खूब वोट मिलेंगे. लेकिन उनमें से 21 की डिपॉझिट जब्त कर ली गई. दूसरी ओर नागपुर से आभा पांडे और पुरूषोत्तम हजारे ने निर्दलीय आवेदन दाखिल कर बगावत कर दी थी।



उनके समर्थक दावा कर रहे थे कि वे स्थापित उम्मीदवारों का वोट लेंगे। लेकिन इनमें से कोई भी 15 हजार के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। नागपुर में कुल 48 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। सभी निर्दलियों की डिपॉझिट भी जब्त हो गयी। पश्चिम नागपुर के नरेंद्र जिचकर (8,166), पूर्व नागपुर के पुरूषोत्तम हजारे (11,359), आभा पांडे (9,402) आठ हजार के आंकड़े तक पहुंच सके। लेकिन वे भी डिपॉझिट नहीं बचा सके। नागपुर में 49 निर्दलीय उम्मीदवारों में से 26 प्रतिशत (13) को 100 वोट मिले। यहां तक कि उनमें से कुछ तो पचास तक भी नहीं पहुंच सके। सबसे कम वोट 31 थे, 12 को 101 से 200 के बीच वोट मिले, जबकि 12 को 201 से 300 के बीच वोट मिले। प्रत्येक उम्मीदवार को 301 से 400 और 401 से 500 वोट मिले.

### पांच निर्दलीय को ही एक हजार से ऊपर वोट मिले

नागपुर में 49 निर्दलीय उम्मीदवारों में से 26 प्रतिशत (13) को 100 वोट मिले। यहां तक कि उनमें से कुछ तो पचास तक भी नहीं पहुंच सके। सबसे कम वोट 31 थे। 12 को 101 से 200 के बीच वोट मिले, जबकि 12 को 201 से 300 के बीच वोट मिले। प्रत्येक उम्मीदवार को 301 से 400 और 401 से 500 वोट मिले। केवल पांच निर्दलीय ही एक हजार से ऊपर जा सके।

### डिपॉजिट जब्त उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| दक्षिण-पश्चिम नागपुर | - 10 |
| दक्षिण नागपुर | - 20 |
| पूर्व नागपुर | - 15 |
| मध्य नागपुर | - 18 |
| पश्चिम नागपुर | - 18 |
| उत्तर नागपुर | - 24 |

केवल पांच निर्दलीय ही एक हजार से ऊपर जा सके।

**किसकी डिपॉझिट होती है जब्त ?**

आयोग के नियमों के अनुसार कुल वैध मतों में से 1/6 (औसतन) हजार मत प्राप्त करने वाले हारने वाले उम्मीदवारों को उनकी डिपॉझिट राशि वापस कर दी जाती है। जो उम्मीदवार यह चरण पार नहीं करते उनकी डिपॉझिट राशि हो जाती है। जिस प्रमाण में निर्दलीय मैदान में थे, उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि वोटों का कुछ बंटवारा होगा। इसका असर प्रमुख पार्टियों पर पड़ेगा, लेकिन इन उम्मीदवारों को मिले वोटों से साफ है कि ऐसा नहीं हुआ।


# अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर दीवार से टकराई

### > वृध्द महिला की हुई मौत, 3 अन्य बुरी तरह जख्मी

**नागपुर।**

कार में सवार होकर वर्धा मंदिर में दर्शन के लिए जा रही 4 महिलाओं की कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गई। डिवाइडर पर चढ़ने के बाद कार सीधे पुल की दीवार से जा टकराई। इस हादसे में 1 वृध्द महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य 3 बुरी तरह जख्मी हो गई। यह हादसा बेलतरोड़ी थानांतर्गत वर्धा रोड पर हुआ।

मृतक शिवाजीनगर निवासी वसुधा अनिल पाटिल (75) बताई जा रही है। जख्मियों में टैगोर मार्ग, सिविल लाइन्स निवासी कल्पना अनिल पाथ्ये (63), बाजीप्रभूनगर निवासी छाया मुले (74) और कार चालक शिवाजीनगर निवासी मंजूषा पाटिल (60) का समावेश है।




कल्पना, छाया और मंजूषा चचेरी बहनें हैं जबकि वसुधा उनकी भाभी बताई जा रही है। रविवार की दोपहर अचानक चारों ने वर्धा के केलझर में स्थित गणपति मंदिर में दर्शन करने का प्लान बनाया। कल्पना के घर से चारों कार क्र. एम.एच.31-एफ. एक्स.4049 पर वर्धा के लिए रवाना हुए. जामठा के समीप आउटर रिंग रोड पर वे रास्ता भटक गई और एनसीआई की तरफ चले गई। मंजूषा ने वापस गाड़ी यू-टर्न ली और पुल से दोबारा वर्धा की ओर जाने लगे। कार की गति ज्यादा होने के कारण मंजूषा का नियंत्रण छूट गया। कार ओवरब्रिज पर ही डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी तरफ पुल की दीवार से जा भिड़ी।

मंजूषा के बगल में बैठी वसुधा सीधे डैशबोर्ड से टकराई और उनके सिर पर अंदरूनी चोट लगी। पिछली सीट पर बैठी कल्पना और छाया भी सामने की सीट से टकराई। कल्पना को अंदरूनी चोट लगी लेकिन छाया के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे लोग मदद के लिए दौड़े। कुछ लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, जबकि कुछ ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाई।

चारों को उपचार के लिए एम्स अस्पताल भिजवाया गया। उपचार के दौरान डाक्टरों ने वसुधा को मृत घोषित कर दिया। अन्य 3 का उपचार जारी है। पुलिस ने कल्पना की शिकायत पर मंजूषा के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## ट्रक ने दुपहिया को उड़ाया

**नागपुर।** ट्रक की टक्कर से दुपहिया वाहन पर सवार दो भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक भाई की मौत हो गई। मृतक कमरुद्दीन

मसीउद्दीन खान (40) स्मृति नगर, कोराड़ी रोड निवासी है।जख्मी बदरुद्दीन खान (32) का उपचार शुरू है। यह घटना कोराड़ी रोड के पर रविवार दोपहर में हुई। हादसे के बाद यातायात जाम हो गया। बदरुद्दीन और बड़ा भाई कमरुद्दीन सीमेंट के गट्टू बनाने का काम करते थे। रविवार को दोनों घर का किराना लेने महादुला गए थे।

दोपहर करीब 12 बजे के दौरान लौटते समय गणेश नगर में बीएसएनल गोदाम के पास ट्रक (क्र.एमएच 27/ए 3717 ) के चालक ने दोपहिया को टक्कर मार दी। कमरुद्दीन की सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर उसकी मौत हो गई।

# थाने के बाहर चक्कर आकर गिर गया लाइनमैन

### > अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**नागपुर।**

बेलतरोडी पुलिस थाना अंतर्गत एक महिला के मित्र से उसके पति का विवाद होने के बाद मामला पुलिस थाने पहुंचा, जहां व्यक्ति की थाना परिसर में ही मौत हो गई. यह वाकया रविवार शाम घटित हुआ है। हालांकि शिकायत के अभाव में पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है।

मृतक 54 वर्षीय महावितरण में लाईनमैन है। उसकी तीन साल से अजनी की महिला से मित्रता है।

रविवार शाम लाइनमैन महिला मित्र को दुपहिया पर बिठाकर ले जा रहा था। वह बेसा चौक के पास पेट्रोल पंप पर ठहर गया. इसी दौरान महिला



का पति साथियों के साथ वहां पहुंचा। वह मारपीट करके विवाद करने लगा. लाइनमैन ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। उसकी दो बेटियां भी वहां पहुंच गई। वह पिता की महिला मित्र से उलझ गई। लाईनमैन महिला मित्र के पति से विवाद करने लगा। विवाद बढ़ जाने से पेट्रोल पंप पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

बेलतरोडी पुलिस वहां पहुंच गई. पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाने के बाहर ही दोनों पक्ष के लोग चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान अचानक लाईनमैन गिर पड़ा। थाने में आए लोगों ने अपने वाहन से लाईनमैन को अजनी के प्राईवेट हास्पिटल पहुंचाया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।मेडिकल ले जाने पर भी चिकित्सकों ने लाइनमैन की मृत्यु होने की पुष्टि की। आज शव का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया। आरंभिक रिपोर्ट में चिकित्सक ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है। लाईनमैन के परिजनों ने भी फिलहाल शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# महिला दलाल को 20 वर्ष की जेल

### > नाबालिग से जिस्मफरोशी कराने का आरोप

**नागपुर।**

पैसों का प्रलोभन देकर गरीब परिवार की नाबालिग लड़की से देह व्यवसाय करवाने वाली महिला दलाल को पोक्सो की विशेष अदालत के न्यायाधीश आर.पी. पांडे ने दोषी करार देते हुए दुष्कर्म और पोक्सो में 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी करार दी गई महिला ताजनगर, अजनी निवासी मुन्नीबाई मकसूद पठान (45) बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मुन्नी के खिलाफ अजनी थाने में नाबालिग से दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और पीटा एक्ट की विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2021 की दोपहर एसएसबी की टीम को जानकारी मिली थी कि मुन्नी अपने घर में देह व्यवसाय का अड्डा चला रही है। वह गरीब परिवार की युवतियों को पैसों का प्रलोभन देकर अपने घर में देह व्यवसाय करवाती है। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने योजनाबध्द तरीके से पंटर ग्राहक तैयार कर उसके घर पर भेजा। सौदा तय होते ही पंटर ने पुलिस को इशारा किया और छापा मारा गया।



जांच में पता चला कि मुन्नी जिस लड़की से देह व्यवसाय करवा रही थी उसकी उम्र महज 16 वर्ष है। वह गरीब परिवार की है और मुन्नी ने उसे प्रलोभन देकर देह व्यवसाय की दल-दल में झोका था। विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने मुन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसबी के तत्कालीन इंस्पेक्टर सार्थक नेहते ने प्रकरण की जांच कर न्यायालय में आरोपपत्र दायर किया। सरकारी वकील आसावरी परसोडकर आरोप सिध्द करने में कामयाब हुई। न्यायालय ने दुष्कर्म, पोक्सो, पीटा सहित सभी धाराओं में मुन्नी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. बतौर पैरवी अधिकारी कांस्टेबल कीर्ति फुकट और सुरेश लव्हाले ने अभियोजनपक्ष को सहयोग किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नागपुर।**

मानकापुर पुलिस थाने के इंदिरा माता नगर स्थित नागपुर दिल्ली रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई और उसकी आयु 35 से 40 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। उसने नीले रंग का हाफ बनियान और क्रीम रंग की थ्री फोर्थ पैंट पहनी हुई थी। पुलिस ने फरियादी रेलवे कर्मचारी प्रशांत रामटेकर (38) वैशाली नगर निवासी की सूचना पर आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# बंद घर से चोरों ने 3 लाख का माल उड़ाया

**नागपुर।**

पारडी पुलिस थाने के पोवारी नगर स्थित एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने सोने चांदी के आभूषण और नगदी सहित ३ लाख के माल पर हाथ साफ कर लिया। जानकारी के अनुसार फरियादी पोवारी नगर, आंगनवाड़ी के पास पारडी निवासी विकास यज्ञ नारायण गुप्ता (24) हैं।

21 नवंबर की रात करीब 7 बजे विकास अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित अपने मूल गांव रीवा मध्य प्रदेश में गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे की कड़ी तोड़ के अंदर दाखिल हुए




और लोहे की अलमारी से नगदी एक लाख और सोने चांदी के आभूषण सहित 3 लाख रुपयों के माल को चुरा लिया।

24 नवंबर को विकास जब परिवार सहित घर वापस आए तब उन्हें घर में चोरी होने की बात का पता चला और इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया और आगे की जांच कर रही है।

## अवैध हथियार के साथ घूमता मिला अपराधी

**नागपुर।**

हुड़केश्वर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर मानेवाड़ा बेसा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने घूमते हुए एक अपराधी को गुप्ती के साथ हुडदंग मचाते हुए गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी नितेश नीलकंठ वाढई (36) मानेवाड़ा जूनी वस्ती, वेसा रोड निवासी है।

जानकारी के अनुसार हुड़केश्वर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सोमवार दोपहर करीब 2:20 के दौरान जानकारी मिली कि एक आरोपी हाथ में गुप्ती लेकर परिसर में हुड़दंग कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने छापा मार करवाई कर आरोपी को हिरासत में लिया। उसकी तलाशी लेने के बाद गुप्ती भी बरामद की। आरोपी नितेश के खिलाफ इससे पहले भी आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी है। पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूमने के चलते उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है।

# महायुति सरकार में नागपुर से होंगे 5 मंत्री

**नागपुर।**

नागपुर जिले से इस बार 5 मंत्री मिल सकते हैं। जिनमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले तो पक्के समझे जा रहे हैं। वे महायुति की सरकार में ऊर्जा मंत्री रह चुके हैं।

पूर्व नागपुर से चौथी बार बीजेपी को जिताकर गढ़ कब्जे में बरकरार रखने वाले विधायक कृष्णा खोपड़े को इस बार मंत्रिमंडल में जगह मिलने की आशा उनके समर्थकों द्वारा जताई जा रही है। इस बार वे रिकॉर्ड वोटों से विजयी हुए हैं। अपने कार्यकाल में पूर्व नागपुर की तस्वीर बदलने वाले खोपड़े ने महायुति की सरकार में कभी भी मंत्री पद पाने की जिद नहीं की।

दूसरा नाम परिणय फुके का लिया जा



रहा है। वे पहले वन आदिवासी विभाग के राज्य मंत्री रह चुके हैं।

इस चुनाव में पार्टी ने उन्हें भंडारा, गोंदिया, गड़चिरोली और चंद्रपुर जिलों सहित काटोल विस सीट का समन्वयक बनाया था। अधिकतर उम्मीदवारों को जीत दिलाकर उन्होंने पार्टी में अहम स्थान बना लिया है। उनका मंत्री पद भी पक्का ही समझा जा रहा है। हिंगना सीट से पार्टी को जीत की हैट्रिक दिलाने वाले युवा विधायक समीर मेघे को भी मंत्री मंडल में स्थान दिया जा सकता है।

वहीं, रामटेक सीट पर शिंदे शिवसेना के आशीष जायसवाल ने 5वीं बार जीत हासिल की हैं। बीते सरकार में उन्हें खनिज महामंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब नई सरकार में उनका मंत्री पद पक्का समझा जा रहा है।

कांग्रेस के दिग्गज नेता सुनील केदार का गढ़ भेदने वाले आशीष देशमुख के नाम की भी चर्चा चल रही है। बीजेपी ने अपनी रणनीति के तहत काटोल से चरणसिंह को उम्मीदवार बनाकर देशमुख को केदार के गढ़ सावनेर भेज दिया।

उस दौरान राजनीतिक महकमे में यह चर्चा चल निकली थी कि आशीष से वादा किया गया था कि अगर यह सीट वे निकाल गए तो उन्हें 'बड़ी' जिम्मेदारी दी जाएगी। उनकी जीत के बाद कयास लग रहे हैं कि उन्हें मंत्री पद दिया जा सकता है।

# सफल नहीं होने देंगे रेल दुर्घटना की साजिश

### > केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा

**नागपुर।**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट बयान दिया कि रेलवे में दुर्घटनाएं और हमले करने की साजिश कभी सफल नहीं होगी। वे सोमवार को नागपुर के अजनी रेलवे ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस समय टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल मंच पर भैरव, महासचिव अशोक कुमार, मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटेरिया, प्रबंधक मनीष अग्रवाल, प्रबंधक नमिता त्रिपाठी उपस्थित थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, भारतीय रेल के विकास की गाड़ी सुचारू रूप से चल पड़ी है। साथ ही खतरा भी बढ़ गया है। ट्रैक पर गैस सिलेंडर या अन्य सामग्री रखकर दुर्घटना करने की साजिश रची जा रही है। लेकिन, हम ये साजिश को सफल नहीं होने देंगे. वैष्णव ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों को भी सजगता से अपनी



ड्यूटी करने की जरूरत है।

भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार केंद्र सरकार ने वार्षिक भर्ती कैलेंडर लॉन्च किया है। इससे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावा किया कि रेलवे में भर्ती प्रक्रिया आसान हो गई है। पिछले दस साल में रेलवे में पांच लाख कर्मचारियों की भर्ती की गई है। रेल मंत्री ने यह भी कहा कि यह संख्या 2004 से 2014 के बीच भर्ती किए गए 4.4 लाख कर्मचारियों से भी ज्यादा है।

सम्मेलन को संबोधित करने नागपुर आए वैष्णव एयरपोर्ट से दीक्षाभूमि पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ.बाबासाहब आंबेडकर की अस्थियों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, संविधान का सम्मान महज प्रतीकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए. संविधान को बार-बार दोहराने की बजाय उसकी झलक प्रदर्शन में दिखनी चाहिए। रेल मंत्री ने संविधान के प्रति मोदी सरकार के सम्मान को रेखांकित करते हुए यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में प्रवेश करते समय संविधान के सामने सिर झुकाया था।

**बड़े पैमाने पर जनरल कोचों का उत्पादन**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, रेलवे 12 हजार जनरल कोच का निर्माण कर रहा है. यह कहते हुए कि इसके पूरा होने के बाद रेल यात्रा आसान हो जाएगी, रेल मंत्री ने रेलवे में सुविधाओं, सुविधाओं और सुधारों का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर वैष्णव द्वारा कर्मचारी संघ की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन का समापन मंगलवार को संविधान दिवस पर होगा।

# लाइट चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**नागपुर।**

जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान शहर के सौंदर्यीकरण के लिए फुटपाथ पर लगे लाइट्स को चुराने वाले शातिर चोर को सीताबर्डी पुलिस की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया चोर राजेश ज्ञानी राम बोहरे (32) गोंदिया वार्ड नंबर 02, नवरगांव कलार निवासी बताया जा रहा है। आरोपी पिछले 1 साल से चोरी की इन वारदतों को अंजाम दे रहा था। शराब की लत के चलते ही वह शहर से इन लाइट्स को चुरा रहा था। महानगरपालिका के अधिकारी नितिन काशीनाथ राखुंडे (51) कोष्टीपूरा सीताबर्डी निवासी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के तहत यह मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने चोरी के माल को भी आरोपी की निशानदेही पर बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान शहर के जीपीओ चौक से अलंकार चौक के दरमियान महानगरपालिका द्वारा सौंदर्य करण के लिए करीब 300 लाइट लगाई थी। 30 सितंबर 2023 को जब



### कबूल किया अपराध

पूछताछ में उसने लाइट्स को चोरी करने के बाद कबुल की। उसकी निशानी 14 लाइट्स अभी तक बरामद की उसके पास मिली साइकिल सहित करीब 21470 रुपयो कमल पुलिस ने बरामद किया है। राजेश को शराब पीने की लत है और इसके चलते ही वह मौका देखकर पिछले 1 साल से इन लाइट्स को चुरा रहा था उन्हें बेचकर अपने नशे की लत पूरी कर रहा था।

फरियादी नितिन राखुंडे इन लाइट्स को चेक करने के लिए गए तो उन्हें करीब 32 लाइट गायब दिखी। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी।

इस मामले की जांच के दौरान सीताबर्डी पुलिस की टीम को पेट्रोलिंग के दौरान एक साइकिल पर जाते हुए आरोपी राजेश बोहरे मिला था। जब उसके पास साइकिल पर रखी बोरी की जांच की गई तो उसमें चार लाइट और एक हथोड़ी मिली। जब इन लाइट्स के बारे में उससे पूछताछ की गई तो वह कोई भी संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। तब पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने लेकर आई।

CMYK

# अज्ञात चोरों ने की कपास की चोरी

## > पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह

**सावनेर.**

महाराष्ट्र में संपन्न विधानसभा चुनाव की मतगणना 23 को होनी थी तथा पुलिस का सारा ध्यान मतगणना पर था इसका लाभ उठाते हुए अज्ञात चोर ने दुध बर्डी शिवार के किसानों के खेत में बंगले से लगभग 20 क्विंटल कपास चुनने की घटना उजागर होने से हड़कंप मच गया मिली जानकारी के अनुसार सावनेर थाना क्षेत्र के दुध बर्डी के किसान चन्द्रशेखर धावड़ ने अपने खेत से कपास चुनकर खेत में बने बंगले में सुरक्षित रखा था. तथा 23 नवंबर की सुबह जब वह रोज की तरह अपने खेत पर गया तो उसने अपने बंगले के किनारे कुछ रुई पड़ी देखी।



जब वह बंगले के सामने गया तो उसने देखा कि बंगले का लोहे का दरवाजा टूटा हुआ है अंदर जाकर देखा तो 22 नवंबर की रात बंगले में रखे कपास के ढीगपर से करीब 20 क्विंटल कपास चोरी हो गई थी। जैसे ही इसकी जानकारी हुई तो वह सावनेर थाने पहुंचे और इसकी शिकायत दर्ज कराई. सावनेर पुलिस ने उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर थानेदार उमेश पाटिल के मार्गदर्शन में जांच शुरू कर दी है. इस घटना में किसान चन्द्रशेखर धवड का करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य का कपास चोरी होने की बात कही जा रही है.

सावनेर थाने में चोरी की घटनाएं होने के कारण इलाके के नागरिक असुरक्षित होने की तस्वीर सामने आ रही है और पुलिस अधिकारियों को चोरों पर कोई डर नहीं दिख रही है. क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सावनेर पुलिस ने रात्रि गश्त और नाकाबंदी बढ़ाने की मांग उठने लगी है. इसे क्या कहा जाय. ऐसेमे स्थानीय पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व नाकाबंदी सुचारू नहीं की गई तो कपास चोरी की ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती रहेंगी। इससे किसान भाई चिंतित हो गए हैं और उनमें नाराजगी का स्वर दिखने लगा है।

### किसानों में भारी नाराजगी

एक ओर जहां किसान परिवार अतिवृष्टी, सुखा, हवामान का परिवर्तन तथा अनियमितता आदि का सामना करते हुए अपने खेतों में फसल उगाने में दिन-रात पसीना बहाता है और अपनी फसलें उगाता है। कपास के पेड़ के एक-एक बाल से कपास को सुरक्षित इकट्ठा करके जब दस बीस क्विंटल कपास इकट्ठा हो जाता है और बाजार में कीमत अच्छी मिलती है, तब हम अपना सफेद सोना बेचकर दो पैसे कमाने की आशा में रहते हैं और ऐसे में उनके द्वारा संग्रहीत कपास को अज्ञात चुराकर उनके अरमानों पर पानी फेर देता है.

## जिले में 1 पर भी नहीं जीती कांग्रेस

**गोंदिया.** राज्य के सभी विधानसभा मुख्यालयों की तरह गोंदिया और भंडारा जिले की 7 सीटों में गोंदिया जिले में तो कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया और इस तरह से महायुति की सभी 4 सीटों पर जीत के साथ ही गोंदिया जिला विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मुक्त हो गया तथा इतिहास में पहली बार गोंदिया विधानसभा में कमल खिल ही गया. जबकि वहीं भंडारा जिले की साकोली विधानसभा सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले आखरी रिकाऊंटींग के बाद गिरते पड़ते की परिस्थिति में विजयी घोषित किए गए, वहीं भंडारा और तुमसर विधानसभा में भी महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों को शिकस्त का सामना करना पड़ा. इस तरह से गोंदिया और भंडारा दोनों जिलों की 7 विधानसभा सीटों में से महायुति के खाते में 6 सीट चली गई और पूरी महायुति से संघर्ष करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा में नाना पटोले अपने कर्मक्षेत्र से अकेले रह गए.


## बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान पाठ का आयोजन

**कामठी.**



26 को ड्रैगन पैलेस टेंपल परिसर, दादासाहेब कुंभारे क्षेत्र में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक और अनुसंधान केंद्र में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की मूर्ति पर ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एवं पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते से माल्यार्पण की जाएगी. इसके बाद संविधान दिवस के अवसर पर एड. हरदास शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, हरदास विद्यालय, हरदास प्राइमरी स्कूल, ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल, दादासाहेब कुंभारे विद्यालय नेरी, दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देश्यीय प्रशिक्षण केंद्र की उपस्थिति में सुलेखा कुंभारे द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर को सामूहिक अभिवादन किया जाएगा. सभी नागरिकों से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केन्द्र में उपस्थित रहने की अपील की गई है.

## कल्याणी प्रियदर्शन बनी यार्डले लंदन की ब्रांड एंबेसडर



**नागपुर.** 254 साल की विरासत के साथ प्रतिष्ठित फ्रेगरेंस और पर्सनल केयर ब्रांड यार्डले लंदन ने गर्व के साथ अपनी सिग्नेचर परफ्यूम्ड ब्यूटी टैल्क रेंज को रीलॉन्च किया है. आज की डिजाइन के साथ यह कलेक्शन आज की आधुनिक महिलाओं को आकर्षित करेगा. इसके साथ ही एलिगेंस और क्वालिटी की लंबे समय से चली आ रही विरासत को यार्डले ने संरक्षित किया है. दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी शालीनता और सुंदरता के लिए पहचानी जाने वाली कल्याणी प्रियदर्शन यार्डले की टैल्क रेंज का नया चेहरा हैं. उनकी सुंदरता यार्डले के कालातीत परिष्करण के साथ पूरी तरह मेल खाती है. नए टीवी कमर्शियल में कल्याणी स्टेप अप के आइडिया की मिसाल देती हैं, यह दिखाते हुए कि कैसे टैल्क उनके आत्मविश्वास और दैनिक दिनचर्या को बेहतर बनाता है. उनका आकर्षण और आत्मविश्वास यार्डले के मूल्यों को दर्शाता है, जो महिलाओं को व्यक्तित्व और आत्म-अभिव्यक्ति को अपनाने के लिए प्रेरित करता है. टीवीसी की शुरुआत कल्याणी द्वारा अपनी सहेली के साथ एक सौंदर्य प्रतियोगिता के बारे में बातचीत से होती है. वह जब यार्डले टैल्क लगाती हैं, तो नैसर्गिक रूप से प्राप्त 97 फीसदी इनग्रेडिएंट्स की वजह से मिलने वाली प्राकृतिक चमक और लंबे समय तक कायम रहने वाली खूशबू की वजह से दमक उठती है.

# महायुति की सरकार आने से विकास को गति मिलेगी

## > जय शिवाजी जयघोष के साथ विजयी जुलूस

**रामटेक.**

एक तरफ जहां विपक्ष 4 बार विधायक रहने के बाद ऍटिकेंबसी के चलते परिवर्तन की बात करते हुए चुनाव मैदान में उतरा था। वहीं आशीष जायसवाल ने भूमिपुत्र का नारा लगाते हुए रामटेक विधानसभा मतदार क्षेत्र में विजय हासिल की। वहीं लाड़ली बहन, मतदाताओं का विश्वास शिवसेना, भाजपा और युवाओं के साथ को जयस्वाल उनके जीत

का कारण मान रहे हैं। इस चुनाव में जहां विधायक एड आशिष जायसवाल पांचवी बार विधानसभा में पहुंच गए, वहीं एड आशिष जायसवाल का यह अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन रहा हैं. यहां पर भी जायसवाल के द्वारा एक रिकॉर्ड बना दिया गया, अब तक रामटेक विधानसभा चुनाव में यह सर्वोत्तम स्कोर रहा है. इसी चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार राजेंद्र मुलक के द्वारा भी एक इतिहास बना दिया गया है, जिसमें आज तक हुए विधानसभा चुनाव में किसी भी कांग्रेसी उम्मीदवार के द्वारा 81 हजार 412 मत प्राप्त करना अपने आप में एक रिकार्ड बन गया है. इस चुनाव में राजेंद्र मुलक कांग्रेस के होते हुए भी निर्दलीय चुनाव लड़कर 81 हजार 412 प्राप्त करने वाले क्षेत्र के पहले निर्दलीय उम्मीदवार बन गए हैं. जयसवाल ने निर्दलीय राजेंद्र मुलक को 26,714 अंतर से पराजित कर दिया। आशीष जयस्वाल ने 1 लाख 7 हजार 414 वोट प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि महाविकास आघाड़ी के घटक पक्ष शिवसेना उबाठा के प्रत्याशी विशाल बरबटे



केवल 5426 वोट पर ही सिमट गए। 'जय भवानी, जय शिवाजी' जयघोष की गूंज चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एड. आशीष जयस्वाल की विजयी जल्लोष रैली निकाली गई। ढोल-ताशा, डीजे की धून पर 'जय भवानी, जय शिवाजी' जयघोष के साथ विजय जुलूस निकला. रामटेक वासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस समय कृपाल तुमाने, गज्जू यादव, राजेश किंमतकर ,सुमित कोठारी, धर्मेश भागलकर, नलिनी चौधरी ,रश्मी काठीकर, माजी जिल्हा परिषद सदस्य झाडे, माजी नगराध्यक्ष दिलीप देशमुख सह पदाधिकारी कार्यकर्ते,समर्थक, हितचिंतक बडी संख्यामे उपस्थित थे.

विधायक जयस्वाल ने कहा कि राज्य में महायुति की सरकार बहुमत में आने से शासन के तिजोरी की चाबी अब उनके हाथ में है रामटेक के विकास के लिए जितना चाहे निधि ला सकते है। रामटेक विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार राजेंद्र मुलक को मिले 81 हजार 412 मतों को लेकर विधायक एड आशिष जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, मुझे मतदाताओं ने इतनी प्रचंड जीत दी है, फिर भी मैं उन 80 हजार मतदाताओं से संर्पक करूंगा, जो मेरे विरोध में खड़े थे. इस वक्त मतदाताओं के एड. आशिष जयस्वालने आभार माने. इस चुनाव में समाजसेवी एवं पर्यटक मित्र चंद्रपाल चौकसे के द्वारा की जा रही समाज सेवा एवं चंद्रपाल चौकसे आएंगे, रोजगार दिलाऐंगे को बेरोजगार युवाओं के द्वारा सिरे से नकार दिया गया, तथा चंद्रपाल चौकसे के द्वारा 3 हजार 254 मत प्राप्त किए गए, साथ में चौकसे अपनी जमानत भी जब्त करा बैठे .इस चुनाव में रामटेक कृषि उत्पन्न बाजार समिती के सभापति सचिन किरपान 2 हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए. तथा 1 हजार 544 मत लेकर अपनी जमानत राशि जब्त कर बैठे.

## विधायक चंद्रशेखर बावनकुले को मंत्री बनाने की उठी मांग



**कामठी.** मौदा विधानसभा क्षेत्र से महायुति गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले के प्रचंड जीत होने पर कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र में उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है. जगह-जगह पर कार्यक्रम आयोजित कर मिठाइयां बांटी गई. इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के चौथी बार जीत होने के बाद कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उन्हें मंत्री पद देने की मांग की है. कहा कि विधायक चंद्रशेखर बावनकुले हमेशा क्षेत्र के विकास में कार्य करते रहे हैं, इसलिए उन्हें इस बार मंत्रिमंडल में जगह दी जानी चाहिए. इधर चुनाव जीतने के बाद अपने गृह कोराड़ी में लौटने पर विधायक चंद्रशेखर बावनकुले ने मां जगदंबा मंदिर में पूजा अर्चना की और जगदंबा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मौके पर उन्होंने सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी जीत जनता की जीत है, उन्हें खुशी है कि वह अधूरे कार्यों को अब पूरा कर सकेंगे. पुराने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को शुरू नहीं किया गया जिसे अब शुरू किया जायेगा.

## 14 लाख का प्रतिबंधित गुटखा, तंबाकू जब्त

**वाड़ी.**

नागपुर जिले के वाड़ी थाने अंतर्गत प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद की खेप गोदाम पर वाडी थाने के डीबी टीम ने कारवाई करने से तंबाखू माफिया में हलचल होने की जानकारी है। मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर की दोपहर 1 बजे दौरान गुप्त जानकारी के आधार पर वाडी थाने के डीबी टीम प्रमुख एपीआई राहुल सावंत,अमलदार तुलसी शुक्ला, सोमेश्वर वर्धे,राहुल बूटरे,दुर्गादास माकड़े ने वाडी स्थित बक्शी ले आउट के एक बंद गोदाम में छापा मारा।जिसमें वाडी पुलिस के हाथ तकरीबन 14 लाख से ऊपर की तंबाखू की खेप बरामद हुई है और इस संबंध में दो व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की अनुमानित कीमत 14 लाख रुपये है।बताया जाता है कि ये गोदाम आरोपी प्रशांत शर्मा का है और कई सालों से यहां से सुगंधित तंबाखू का व्यापार चलते आ रहा है।साथ ही सुगंधित तंबाखू का व्यापार कर आरोपी प्रशांत शर्मा ने अपना साम्राज्य तैयार करने की जानकारी है।



मिले हुए माल में मजा 108, होला हुक्का शीशा तंबाखू,ईगल हुक्का शीशा तंबाखू जो कुल 883 किलो का माल है।जिसकी कीमत कुल 14 लाख के ऊपर होने की जानकारी है।साथ ही मुद्देमाल में ट्रेलर क्र एमएच 40 सीडी 5767 का भी समावेश है।जो प्रशांत शर्मा के ही नाम पे ट्रेलर होने की जानकारी है। रेड के बाद जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) को दी गई।खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के अधिकारी किरण गेडम,अमर सोनटक्के मौके पर पहुंचे। मौके का पंचनामा किया और सुगंधित तंबाखू को ट्रेलर में लड़ के वाडी थाने में ले जाया गया। प्रशांत रोडलाइंस के मलक आरोपी प्रशांत शर्मा और मौजूद गोदाम व्यवस्थापक अभिजीत पर महाराष्ट्र सरकार खाद्य सुरक्षा अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि आरोपी फरार होने की जानकारी है।आगे की जांच वाडी थाने के पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में जारी है।

## संविधान गौरव समिति मनाएगी आज संविधान दिवस

**कामठी.**

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जयस्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतला परिसर पर आज मंगलवार 26 नवंबर को सुबह 9 बजे भारतीय संविधान दिन गौरव समिती द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी जाएगी. वहीं शाम में 4 से 6 बजे तक हर्षनाथ कव्वाल, प्रकाशनाथ पाटणकर का कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.

इस दिन शाम 6 बजे परिसंवाद कार्यक्रम भी आयोजित है. कार्यक्रम दौरान अतिथियों के हस्ते पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्घाटन धरमपेठ कॉलेज के सेवानिवृत एचओडी युगल रायलू के हस्ते किया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष विजय पाटील एवं प्रास्ताविक एस.एस.सहारे करेंगे. इस मौके पर प्रमुख वक्ता के रूप में तीसरे अ.भा.बंजारा साहित्य सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. प्रकाश राठौड़, आंबेडकरवादी साहित्यिक व कवित्री माधुरी वसंतशोभा, भारतीय संविधान दिन गौरव समिती महासचिव विद्या भीमटे उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के सफलतार्थ भारतीय संविधान दिन गौरव समिती के उपाध्यक्ष मनोहर गणवीर, कोषाध्यक्ष सालिकराम अड़कने, सदस्य उमाकांत चिमनकर, सदस्य सुधा रंगारी, सदस्य दुर्योधन मेश्राम, सदस्य राजेश ढोके, सदस्य प्रदीप फुलझले, सदस्य विकास रंगारी, सदस्य बैजनाथ चौहान, सदस्य संदीप कांबले, सदस्य सुदाम हुमणे, सदस्य निशा रामटेके, सदस्य संजय मेश्राम ने लोगों से अपील की है.

# देशभर में 2 लाख से ज्यादा किसान बने लाभार्थी: गड़करी

## > एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी का भव्य समापन

**वाडी.**

एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी में नागपुर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना जैसे कई राज्यों के किसानों ने भेट दी। इस बात पर एग्रोविजन के मुख्य प्रवर्तक केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ख़ुशी जताई. किसानों, उत्पादकों, उपभोक्ताओं, कृषि छात्रों और कृषि-उत्साहियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, पीडीकेवी मैदान, दाभा में चार दिनों से चल रही भारत की सबसे बड़ी कृषि प्रदर्शनी 'एग्रोविजन' का आज सोमवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एग्रोविजन के मुख्य प्रवर्तक केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की जबकि अरुणाचल प्रदेश के कृषि, बागवानी, पशुपालन, पशु चिकित्सा, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री गेब्रियल डी. वांगसु की इस अवसर पर प्रमुख उपस्थिति थी। वरिष्ठ नेता रामदास तड़स, सेंट्रल साइट्रस इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. दिलीप घोष, आयोजन सचिव रवि बोरटकर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. मान्यवर



द्वारा कृषि उद्योग पर आधारित 'एग्रोस्पेक्ट्रम' नामक पत्रिका प्रकाशित की गई। एग्रोविज़न के प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रगतिशील किसान पुरस्कार और निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। नितिन गडकरी ने किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए आयोजित विभिन्न विषयों पर कार्यशालाओं का उल्लेख किया। युवाओं ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर, ड्रोन, कृषि उपकरण आदि के बारे में जानकारी हासिल की। मुझे किसानों में शिक्षा और जिज्ञासा देखने को मिली। उन्होंने कहा कि एग्रोविजन के माध्यम से किसानों को आत्महत्या करने से रोकने और स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट गांव बनाने का प्रयास किया जा रहा है ऐसा व्यक्त किया।

# प्रतिभाओं का उत्सव 13 से 22 दिसंबर तक, 9वें सीजन का भव्य आयोजन

## > केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया ऐलान

**नागपुर.**

वातावरण में ओस बढ़ने के साथ ही मप्र सांस्कृतिक महोत्सव की मधुर यादें ताजा होने लगती हैं। इस बार दिसंबर माह में गरवा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से रंगा रहेगा और हमारी यादों में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा। दचा मप्र सांस्कृतिक महोत्सव-2024 का आयोजन 13 से 22 दिसंबर तक क्रीड़ा चौक, हनुमान नगर स्थित ईश्वर देशमुख कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के मैदान में किया जा रहा है। यह उत्सव सुबह और शाम दो सत्रों में आयोजित किया जाता है नागपुर के लोगों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरपूर सौगात मिलेगी और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार भी इस मंच पर अपनी कला प्रस्तुत करेंगे. केंद्रीय मंत्री आठ साल पहले यानी 2017 में नितिन गडकरी की संकल्पना से मप्र सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत हुई थी। इस






वर्ष महोत्सव का नौवां संस्करण है। साल-दर-साल उनका रूप और भी भव्य होता जा रहा है और उनकी प्रसिद्धि पूरे देश में फैल रही है। सांसदों के लिए प्रेरणास्रोत रहा यह महोत्सव इस साल नए कार्यक्रमों की श्रृंखला लेकर आ रहा है। जो भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को प्रदर्शित करेगा, नागपुर-विदर्भ के कलाकार नाट्य, नृत्य और संगीत नवाचार प्रस्तुत करेंगे। नागपुरकर खुश होंगे प्रसिद्ध हिंदी कवि, वक्ता, कथाकार के साथ-साथ सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. कुमार विश्वास का बेहद लोकप्रिय शो 'अपने-अपने राम' 14 से 16 दिसंबर तक रोजाना शाम 7 बजे प्रसारित किया जाएगा। देश-विदेश में प्रचलित इस तीन दिवसीय रामकथा से डॉ. कुमार विश्वास वह वाम मार्ग पर जा रहे युवाओं को राम मार्ग पर लाने का अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

हरि भक्तों को आषाढ़ी पैवारी का हर्षोल्लास दिखाने के लिए 17 तारीख को 'अंभगवारी' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2000 वारकरी कलाकार नाटक, नृत्य, संगीत और तालमृदुंगा की ध्वनि के साथ एक रोमांचक स्टैंड-अप क्षेत्र प्रस्तुत करेंगे।

अभिजात 18 को होगा मराठी' कार्यक्रम से संत ज्ञानेश्वर, चार्वाक, संत तुकाराम स. डी। माडगुलकर, पु. एल देशपांडे, बनाम. या अजीत परब, मुग्धा वैशम्पायन, सावनी रवींद्र, सोनिया परचुरे, संकर्षण के-हाडे, आनंद इंगले, मृण्मयी देशपांडे, भार्गवी चिरामुले, गिरिजा ओक समेत कई कलाकार शामिल होंगे.

चार संगीत समारोहों के साथ हीबाद में लगातार चार दिनों तक 'लाइव इन कॉन्सर्ट' का आयोजन किया गया है। 19 तारीख को उत्तर और दक्षिण वाद्ययंत्रों का 'इंस्ट्रूमेंटल फ्यूज़न' कॉन्सर्ट होगा जिसमें नीलाद्रि कुमार, राकेश चौरसिया, तौफिक कुरेशी व ओजस आडिया भाग लेंगें.

21 को बॉलीवुड की संगीत दुनिया पर तीन दशक से ज्यादा समय तक राज करने वाले 'पापा कहते हैं' फेम गायक उदित नारायण 'लाइव इन कॉन्सर्ट' और 'कैसे हुआ' फेम गायक-संगीतकार विशाल मिश्रा 'लाइव इन कॉन्सर्ट' पेश करेंगे। 22 तारीख को युवाओं को दीवाना बना देगा. गत वर्ष की भांति मप्र सांस्कृतिक महोत्सव 14 से 22 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8.30 बजे तक आयोजित किया गया है। इसमें हनुमान चालीसा, रामरक्षा स्तोत्र और मारुति स्तोत्र सामूहिक पाठ, रुद्र का पाठ शामिल है

पाठ, श्री हरिपथ पाठ, श्री गणपति अथर्वशीर्ष पाठ, श्री गजानन विजय ग्रंथ के 21वें अध्याय का पारायण, मानस श्लोक, श्री सुंदरकांड पाठ और श्रीसूक्त पाठ शामिल होंगे।

इसके अलावा, स्थानीय बच्चों की कला शाम के सत्र में मुख्य कार्यक्रमों से पहले होती है

अकादमी की ओर से इसमें देशभक्ति गीत, नृत्य और सावरकर पर आधारित नाटक का कार्यक्रम होगा. शहर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 बच्चे गायन, वादन, नृत्य और नाटक के माध्यम से प्रदर्शन करेंगे। साथ ही दृष्टिबाधित बच्चों के लिए एक आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया है।

इस वर्ष बिना किसी बाधा के उत्सव का आनंद लेने के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से मुफ्त पास उपलब्ध कराए जाएंगे। विज्ञापनों, होर्डिंग आदि पर क्यूआर कोड को स्कैन करके।

यह वेबसाइट शुरू हो जाएगी और वहां से आप उस दिन के लिए मुफ्त पास प्राप्त कर सकते हैं। नागपुर-विदर्भ और मध्य भारत के गौरव इस मप्र सांस्कृतिक महोत्सव को नागपुरवासियों को भरपूर प्रतिसाद देना चाहिए। यह आह्वान मप्र सांस्कृतिक महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल सोले, उपाध्यक्ष गौरी शंकर पाराशर, अशोक मानकर, दिलीप जाधव, सचिव जयप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रो. राजेश बागड़ी, सदस्य बालासाहेब कुलकर्णी, हाजी अब्दुल कादिर, सारंग गड़करी, अविनाश घुशे, दीपक खिरवाडकर, संदीप गवई, संजय गुलकारी, रेणुका देशकर, गुड्डु त्रिवेदी, किशोर पाटिल, चेतन कैरकर, आशीष वांडिले, भोलानाथ सहारे, एडवोकेट। इसे नितिन तेलगोटे, मनीषा काशीकर, विजय फड़नवीस, महेंद्र राऊत, दिलीप गौर, शैलेश ढोबले ने किया है।

### उद्घाटन के मौके पर अभिनेत्री काजोल मौजूद रहीं

इस वर्ष के मप्र सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ, जो लगातार 10 दिनों तक आयोजित होगा। 13 दिसंबर को फिल्मफेयर पुरस्कार 'बाजीगर', 'डीडीएलजे' जैसी कई फिल्मों में अपनी छाप छोड़ने वाली मशहूर अभिनेत्री पद्मश्री काजोल प्रदान करेंगी। काजोल की मौजूदगी इस साल की एमपी संस्कृति है महोत्सव को नया जीवन मिलेगा। इसके बाद संस्कार भारती, नागपुर द्वारा 'मैं भारत हूं...' प्रस्तुत किया जाएगा.

# नए विधायक से सिंचाई की आस

## > नेताओं के माध्यम से परियोजना शुरू करने पर प्रयास

गोंदिया.

जिले की सड़क अर्जुनी तहसील में सिंचाई व्यवस्था के लिए 25 साल पहले उमरझरी मध्यम परियोजना तैयार की गई थी. मध्यम परियोजना इस दृष्टि से बनाई गई थी कि तहसील में किसानों को सिंचाई प्रदान की जाएगी. ऐसे में किसानों का सपना है कि रबी और खरीफ की फसल की गारंटी होगी. लेकिन, किसानों को खेत की सिंचाई के लिए मध्यम परियोजना से पानी नहीं दिया गया. इससे किसानों की खेती में सिंचाई की सुविधा होगी क्या ? ऐसा सवाल किसानों ने भरी मतों से विजयी हुए अर्जुनी मोरगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के इंजी. राजकुमार बड़ोले से किया है और कहा कि उक्त मध्यम परियोजना की सिंचाई क्षमता 50 हेक्टेयर तक है. मध्यम परियोजना के गहराईकरण से पुनः 20 से 25 हेक्टेयर कृषि सिंचाई हो सकेगी. इससे पूर्व नेताओं



की अनदेखी के कारण गहराईकरण का काम नहीं हो पाया है. उमरझरी मध्यम परियोजना के सिंचाई क्षेत्र में नहरों की कमी के कारण किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है. मुख्य नहर के ध्वस्त होने से रिसाव की समस्या अधिक है और रबी फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है. देखने में आ रहा है कि जगह-जगह लीकेज के कारण पानी बर्बाद हो रहा है. अधिकारियों को इसके लिए योजना बनाने की तत्काल आवश्यकता है. यदि मुख्य नहर को डोंगरगांव से ग्राम वड़ेगांव तक 3 किमी.

बढ़ा दिया जाए तो वड़ेगांववासियों की सिंचाई की समस्या हल हो जाएगी. पिछले 20 वर्षों से वडेगांव को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई नेताओं के माध्यम से प्रयास किए गए. लेकिन इससे कोई मदद नहीं मिली.अब राजकुमार बडोले विधायक चुने गए है जिससे किसानों को उनसे अपेक्षा है कि वे इस ओर प्राथमिकता से ध्यान दें और सिंचाई की व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू कर क्षेत्र को सुजलाम सुफलाम बनाएं.

### वडेगांव क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं

वडेगांव क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सिंचाई की सुविधा न होने के कारण वे प्रकृति पर निर्भर रहकर ही खरीफ की फसल से संतुष्ट रहते हैं. ग्राम वाडेगांव के निकट केसलवाड़ा काला गोटा 1 व 2 पर बांध पर उपसा सिंचाई योजना स्थापित कर वडेगांव वासियों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती. लेकिन वह समस्या भी पिछले 15 वर्षों से लंबित रहने के कारण अब सिंचाई की समस्या बरकरार होती दिख रही है. जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपेक्षा के कारण सिंचाई के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है.

# प्रति हेक्टेयर धान खरीदी की सीमा घटी, किसानों में नाराजगी

## > अतिरिक्त धान को बेचने का प्रयास

सड़क अर्जुनी.

सरकारी समर्थन मूल्य 117 रु. बढ़ गया है, लेकिन धान खरीदी की सीमा कम हो गई है. इसलिए, किसानों को अतिरिक्त धान को दूसरी जगह बेचने की सुविधा करनी पड़ेगी. केंद्र सरकार द्वारा लागू समर्थन मूल्य धान खरीदी योजना किसानों के हित की एक योजना है, जिसके माध्यम से पंजीकृत संस्थाओं को धान खरीदने की अनुमति दी जाती है. केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में भारतीय खाद्य महामंडल की ओर से पणन महासंघ और आदिवासी विकास महामंडल के माध्यम से राज्य में पंजीकृत संस्थाओं को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर धान खरीदने की अनुमति दी गई है. हर साल की तरह इस साल भी धान खरीदी केंद्रों का उद्घाटन हो गया है और धान की खरीदारी शुरू हो गई है. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 2,300 रु. प्रति क्विंटल है, जबकि पिछले साल सरकार द्वारा



समर्थन मूल्य 2,183 रु. प्रति क्विंटल था.

हालांकि समर्थन मूल्य में 117 रु. की बढ़ोतरी की गई है, लेकिन धान खरीदी की सीमा कम कर दी गई है. पिछले वर्ष 2023-24 में धान खरीदी की सीमा 40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी. वैकल्पिक रूप से खरीदी 16 क्विंटल प्रति एकड़ थी. हालांकि, चालू सीजन 2024-25 में सरकार ने यह सीमा घटाकर 33 क्विंटल कर दी है. वैकल्पिक रूप से 7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की खरीदी सीमा को कम कर दिया गया है. जिससे किसानों को अतिरिक्त धान अन्य जगह बेचने की सुविधा करनी पड़ रही है.

# नहीं थम रही चोरी की घटनाएं

## > पुलिस की लगातार गश्त जरूरी

गोंदिया.

जिले में शहर सहित सभी तहसीलों में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं और प्रतिदिन चोरी के मामले बढ़ते ही जा रहे है. जिसमें सेंधमारी, खेतों में लगे कृषि पंप, मोटरसाइकिल, आभूषण, छीनाछपटी सहित अन्य चोरियों का समावेश है. घर के सामने रखे वाहनों को भी चोरी करने से नहीं चूक रहे हैं. शहर के अधिकांश दुकानों व घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं फिर भी यह घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं. बाजार परिसर में ऐसी कई वारदातें हुई हैं जिसमें चोरों ने अनेक वाहनों पर हाथ साफ किया है. हैंडल लॉक वाहनों पर भी चोर आसानी से हाथ साफ कर रहे हैं. बढ़ती चोरी की घटनाओं

से एक तरफ शहर वासियों में डर का माहौल है वहीं दूसरी तरफ चोरों का आतंक बढ़ रहा है. इसलिए शहरवासी पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं. सेंधमारी सहित चोरी की घटनाएं हो रही हैं. आए दिन सूने मकानों को चोर अपना निशाना बना रहे हैं दूसरी ओर दुपहिया वाहनों पर भी चोरों की पैनी नजर लगी रहती है देखते ही देखते वे वाहनों को पल भर में उड़ा लेते है.



सीसीटीवी फूटेज खंगालने के बाद भी कई बार चोरों का सुराग नहीं लग पाता. पुलिस भी रात्रि में गश्त लगाती है लेकिन उनके जाने के बाद चोर अपना काम कर देत है. जिले के लोगों में चोरी की वारदातों को लेकर चिंता व्याप्त है. शहर व जिले में एक दिन भी ऐसा नहीं जब चोरी की घटना सामने न आती हो. जिसमें सबसे अधिक चोरी वाहनों की हो रही है. इसके अलावा खेत में लगे वाटर पंप भी आए दिन चोरी हो रहे है. जिसके कारण किसान व आम नागरिक परेशान हो गए हैं. अक्सर देखा गया है की शहर में रात के समय ही अधिकांश घटनाएं होती है. जिसमें कई दूकानों में चोरों ने घटना को अंजाम दिया है. कई घटनाओं को पुलिस ने उजागर भी किया है. शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, तहसील कार्यालय, धार्मिक स्थल सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी की छिटपुट घटनाओं से लोग परेशान हो रहे हैं. मोबाईल, पाकीट, जेब कतरना ऐसी घटनाएं दिनदहाड़े होती हैं.

# ग्रामीण क्षेत्रों में कई सड़कें खराब

## > नवनिर्वाचित विधायकों से नागरिकों को हैं उम्मीदें

गोंदिया.

जिले के आमगांव, सालेकसा व देवरी तहसील के ग्रामीण इलाकों की सड़कें इस समय बदहाल हो गई हैं. बरसात के रात के मौसम में कई सड़कों का डामर उखड़ गया है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इसके अलावा अधिकांश गांवों तक अभी भी सड़कें नहीं पहुंची हैं. जिन गांवों में सड़कें पहुंचती हैं, वहां सड़कों का बुरा हाल है. लेकिन संबंधित विभाग ने इस ओर ध्यान नही दिया. अब नागरिकों को नवनिर्वाचित विधायकों से उम्मीद है कि वे जर्जर मार्गों की ओर प्राथमिकता से ध्यान देकर अच्छी सड़कों का निर्माण कराएंगे. आज के आधुनिक संचार साधनों में सड़कों का बहुत महत्व हो गया है.

इन उपक्रमों में सड़कों को विकास का माध्यम माना जाता है. लेकिन जब ये सड़कें खराब स्थिति में होती हैं, तो सुविधाजनक होने के बजाय खतरनाक हो जाती हैं. देखा जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों की सड़कें कितनी खतरनाक स्थिति में हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में गांवों को



### आवागमन में नागरिकों को हो रही परेशानी

आज के आधुनिक संचार माध्यमों में इसका बहुत महत्व हो गया है. इन उपक्रमों में सड़कों को विकास का माध्यम माना जाता है. सड़क निर्माण व मरम्मत के नाम पर कुछ ही समय में सड़कें उखड़ जाती हैं. वाहनों के आवागमन को देखते हुए उक्त तहसीलों के सड़कों का रखरखाव व मरम्मत जरूरी है. संबंधित विभाग ने अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है. जिससे ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है.

जोड़ने वाली मुख्य सड़कें काफी जर्जर हो चुकी हैं. ऐसे में वाहन चालकों को सड़क पर वाहन चलाते समय काफी कसरत करनी पड़ती है. परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं भी हो रही हैं. सड़क निर्माण व मरम्मत के नाम पर कम समय में ही सड़क जर्जर हो रही है. वाहनों के आवागमन को देखते हुए उक्त तहसीलों की सड़कों की मरम्मत व रख-रखाव की आवश्यकता है. लेकिन, जब ये सड़कें खराब स्थिति में होती हैं, तो सुविधाजनक होने के बजाय खतरनाक हो जाती हैं.

# जिला परिषद स्कूल में राष्ट्रीय मिर्गी दिन आयोजित



तिरोड़ा.

उप जिला अस्पताल तिरोड़ा के वैद्यकीय अधीक्षक डा. राहुल शेंडे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम क्र. 1 द्वारा जिला परिषद स्कूल मांडवी में राष्ट्रीय मिर्गी (इपिलेप्सी)/ अपस्मार दिन डा. निलेश लोथे की अध्यक्षता में मनाया गया. डा. लोथे ने मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को बताया कि मिर्गी दरअसल एक न्यूरोलॉजिकल डीसऑर्डर याने तंत्रीका तंत्र से जुडी बीमारी है, इसलिए जब यह समस्या होती है तो तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधि गड़बड़ा जाती है और मरीजों को दौरे पड़ने लगते है.

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे जनजागृति के लिए आगे आए और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी समस्या हो तो दवा लेने के लिए महाराष्ट्र सरकार की टेलीमानस टोल फ्री. नं. 1446 पर संपर्क करें. मिर्गी का दौरा हलका या गंभीर हो सकता है इस दौरे के दौरान मिर्गी से पीड़ित लोग बेहोश हो जाते है और जमीन पर कहीं भी गिर जाते है, घायल भी हो जाते है, इनके हाथ पैर अकड़ जाते है और दौरे पड़ने लगते है. इस समय आमतौर पर एक से दो मिनट तब मुंह से झाग निकलते रहता है. कुछ ही मिनटों में या दुर्लभ मामलों में ठीक हो जाता है. इस अवसर पर उपाध्यक्ष विद्या रहांगडाले, गुरुदास गिरीपुंजे. औषधी निर्माण अधिकारी रीता कोल्हटकर, स्वास्थ्य सेविका अनमोल लोखंडे, शिक्षक चौधरी, ठाकरे आदि उपस्थित थे.

# 1 से ट्रेन का परिचालन नियमित नंबर के साथ

गोंदिया.

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत (०) नंबर से परिचालित सभी मेमू / पैसेंजर स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित नहीं होंगी. अब रेल प्रशासन द्वारा इन सभी ट्रेनों के नंबरों को सामान्य बनाते हुए 1 जनवरी 2025 से नियमित किया जा रह है. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के तहत वर्तमान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी- छिंदवाड़ा, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी रायपुर, छिंदवाडा-नैनपुर, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी- तिरोडी, तुमसररोड़-तिरोडी, नैनपुर-मंडलाफोर्ट, गोंदिया-तिरोडी, गोंदिया- कटंगी, डोंगरगढ़-रायपुर,

गोंदिया-दुर्ग, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- गोंदिया, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी- रामटेक गोंदिया-बल्लारशाह, बालाघाट-नैनपुर, गोंदिया-वडसा-चंद्रपुर तथा नागपुर-रामटेक रेल खंडों पर

संचालित लगभग सभी 72 स्पेशल मेमू/पैसेंजर ट्रेनों को अब अपने नियमित नंबर के साथ 1 जनवरी 2025 से चलाई जाएगी. रेल प्रशासन दपूम रेलवे नागपुर मंडल द्वारा पूर्व में उपरोक्त रेल खंडों पर परिचालित स्पेशल मेमू / पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेन के तौर पर यानि जीरो नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया था, अब इन सभी मेमू / पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय यात्री सुविधा और नियमित नंबर के साथ संचालन से यात्री अपनी यात्रा को और भी किफायती व सुविधाजनक महसूस करेंगे.

# फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं



**गोंदिया.** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं की लिखित परीक्षा 11 फरवरी से 18 मार्च तक और 10वीं की लिखित परीक्षा 21 फरवरी से 17 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी. 10वीं और 12वीं परीक्षा का अंतिम टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है. शेड्यूल के अनुसार 12वीं प्रैक्टिकल, आंतरिक मूल्यांकन मौखिक परीक्षा 10 फरवरी के दौरान आयोजित की जाएगी. जबकि 10वीं कक्षा की प्रैक्टिकल इंटरनल असेसमेंट, मौखिक परीक्षा 3 से 20 फरवरी तक होगी. परीक्षा की विषयवार विस्तृत समय सारणी राज्य बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है. परीक्षा से पहले स्कूलों, जूनियर कॉलेजों को मुद्रित रूप में जमा की गई समय सारणी अंतिम होगी. इस बार राज्य बोर्ड परीक्षाएं 8 से 10 दिन पहले आयोजित की जा रही हैं. परीक्षाएं हर साल फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती हैं. नतीजे मई-जून में आते हैं. असफल छात्रों के लिए पूरक परीक्षा जुलाई-अगस्त में आयोजित की जाती है.

# दूषित पानी से बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप

गोंदिया.

शहर के अधिकांश क्षेत्र के खुले प्लाटों में गंदा पानी जमा होने - से वहां के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शहर की बाहरी सीमा में ऐसे अनेक क्षेत्र है जहां अब तक पक्की नालियां नहीं बन पाई है. उनमें बायपास मार्ग पर स्थित कॉलोनिया, सुर्याटोला, गौरीनगर, गणेश नगर, आंबाटोली, मरारटोली, छोटा गोंदिया आदि क्षेत्रों के मार्ग किनारे व खाली प्लाटों में गंदा का पानी जमा होने से मच्छर, मक्खी के साथ ही जीव जंतु पनप रहे हैं. ऐसे में गंदे पानी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

जमा गंदे पानी से बदबू भी आ रही है जिससे लोगों के स्वास्थ्य में विपरित परिणाम होने की संभावना बनी हुई है. इस गंदे जमा पानी में रोज सुअर, श्वान व मवेशी अपना डेरा डाल देते है जिसके कारण और भी गंदगी पनपती है. गंदे पानी के जमा रहने के कारण वातावरण भी दूषित हो रहा है. पक्की नाली नहीं होने के कारण भी सफाई कर्मी इस क्षेत्र में नहीं आते जिसके कारण कई बार नागरिकों को पानी की निकासी करने के लिए हाथ में फावड़ा उठाना पड़ता है. पक्की नाली नहीं होने से वहां पर दलदल हो जाता है. फिर भी नप प्रशासन व जनप्रतिनिधि इस ओर अनदेखी कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि ऐसे अनेक क्षेत्र है जिन्हें बसे हुए वर्षों हो गए हैं फिर भी



पक्की नालियां नहीं बन पाई है. जिसके कारण लोगों के घरों का गंदा पानी एक प्लाट से दूसरे प्लाट में जाता है.

**सुअरों का बंदोबस्त नहीं किया जा रहा है**

इतने वर्ष बीतने के बाद भी नप द्वारा उक्त क्षेत्रों में नालियां नहीं बनाई जा रही है. जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है. पानी के सड़ने के कारण बदबु भी आ रही है. लेकिन इस समस्या से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है. उल्लेखनीय है कि शाम होते ही लोगों के घरों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है. मच्छरों की उत्पत्ती को रोकने के लिए छिड़कांव भी नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा सुअरों का भी बंदोबस्त नहीं किया जा रहा है. इस ओर नप प्रशासन से ध्यान देने की मांग क्षेत्र के नागरिकों ने की है.

# मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**गोदिया.** रावनवाडी अर्जुनी मार्ग पर 25 नवंबर को दो मोटरसाइकिल की आमने सामने भिड़ंत होने से दो व्यक्ति की मौत और तीन लोग घायल होने की घटना घटित हुई है।

रावनवाडी से अर्जुनी की और जा रही मोटरसाइकिल और विपरीत दिशा से आ रही दुपहिया वाहन कि भीषण भिड़ंत सोमवार को दोपहर 12 बजे रावनवाडी अर्जुनी मार्ग पर होने कि वजह से गोरेगांव तहसील के चिचगाव निवासी महेन्द्र ठाकरे 35 मध्य प्रदेश किरनापुर वारा निवासी रेखलाल पटले 50 कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई है जबकि विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार मध्यप्रदेश के मंडला के दो लोग गंभीर घायल हो और एक अन्य भी गंभीर घायल हो गया है। तीनों घायलों को शासकीय अस्पताल में इलाज हेतु दाखिल किया गया है जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

मोटरसाइकिल की भिड़ंत इतनी जबरदस्त है कि दुपहिया पर सवार लोगों बुरी तरीके से जख्मी हो गये है और दोनों मोटरसाइकिल के परखजे उड गये है।रावनवाडी थानेदार वैभव पवार के मार्गदर्शन में एपीआई नारवरकर जांच कर रहे हैं.

# नशे में फंस रहे युवा

## पानटपरी, ठेलों के आसपास लग रही भीड़

गोंदिया.

जाने-पहचाने फिल्म अभिनेताओं की प्रस्तुति से प्रभावित होकर अनेक युवा सिगरेट, पान, तंबाकू, गुटखा खाने का शौक अपनाते नजर आ रहे हैं. दिनों दिन युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे है. अभिभावकों को बहुत देर के बाद पता चल रहा है कि उसका बेटा या बेटी नशे का आदी हो चुका है. जिले के युवाओं द्वारा समाज में अपना रुतबा ऊंचा बनाए रखने के लिए नशे को फैशन के तौर पर अपनाने की एक तस्वीर सामने आई है. युवा शरीर को नष्ट करने वाले व्यसन करते नजर आ रहे हैं.

अगर आज की भागदौड़ भरी जिंदगी की तुलना एक साधारण गांव तहसील के आज के युवाओं से की जाए तो आज गांव का युवा भी शहर के युवाओं के साथ-साथ आधुनिक और उन्नत नजर आता है. महंगी गाड़ियां, चश्मा, कपड़े, शरीर पर टैटू, नए हेयर स्टाइल ने हमारे जीवन में प्राथमिकता दे दी है.

गोंदिया शहर और आसपास के



गांवों के युवा सिर्फ फैशन के कारण सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, तंबाकू, शराब, गांजा के आदी हैं.

गोंदिया शहर चौराहे पर पानटपरी के पीछे मुख्य सड़क के किनारे और फुटपाथ पर बैठकर युवा पीढ़ी को नशा करते देखा जा सकता है. प्रतिष्ठा का विषय नशे से हटकर अपराध पर आ गया है. नशे के आदी युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति पर विचार किए बिना महंगे नशे का सहारा ले रहे हैं.

**परिवार को आर्थिक नुकसान हो रहा**

अपराध की ओर जाने की आशंका युवाओं को नशा करना महंगा पड़ रहा है और उनके परिवार को आर्थिक नुकसान हो रहा है. इसके अलावा नशे की लत में लिप्त होने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने के लिए युवाओं के अपराध की ओर रुख करने की आशंका है. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में युवा हिंसा, चोरी और अन्य अपराध काफी बढ़ सकते हैं. हर जगह युवा नशा करते नजर आ रहे हैं. अभिभावकों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है.

# बस स्थानक पर निजी वाहनों से यात्री परेशान

## > एसटी महामंडल की आय हो रही प्रभावित

**गोंदिया.** शहर के मुख्य बस स्थानक व जयस्तंभ चौक पर निजी वाहन चालकों द्वारा मार्ग पर खड़े होकर यात्रियों को निजी वाहनों पर बुलाने की होड़ लगी रहती है. जिससे एसटी महामंडल की आय को नुकसान पहुंच रहा है. महामंडल द्वारा महिला यात्रियों के लिए 50 प्रश. की छूट दिए जाने से यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है और यात्री भी निजी वाहनों के बजाय महामंडल की बसों से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं. हालांकि निजी वाहन संचालकों द्वारा बस स्टैंड पर सवारियां बैठाने से महामंडल की आय प्रभावित हो रही है. बस स्थानक के सामने निजी वाहन चालक यात्रियों की राह देखते हैं.

ऐसे में निजी वाहन चालकों द्वारा बस स्थानक पर अतिक्रमण करने का नजारा देखने मिल रहा है. जिससे क्षेत्र में यातायात की एक बड़ी समस्या निर्माण हो गई है. बस स्थानक से 100 मीटर निजी वाहनों को दूर-दूर खड़ा करने का नियम है, लेकिन प्रशासन का निजी वाहन चालकों पर कोई नियंत्रण नहीं होने से अब सीधे बस स्थानक के सामने निजी वाहन खड़ा करना आम बात हो गई है. इस बस स्थानक के सामने निजी वाहनों की भीड़ होने के कारण एसटी महामंडल की बसों को बस स्थानक तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है. यहां भीड़भाड़ के कारण दुर्घटना होने की संभावना भी अधिक रहती है. सड़क पर कोई वाहन खड़ा न कर केवल पार्किंग क्षेत्र में ही वाहन पार्क करने के नियम बनाए गए हैं. लेकिन, शहर में इसका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है. प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है.

# भिन्न भाषा साहित्य मंडल की मासिक कवि गोष्ठी- कवियों ने गीत-ग़ज़लों से बांधा समा

गोंदिया.

कवि सम्मेलन जैसे आयोजनों के बढ़ते हुए व्यावसायिक स्वरूप के मद्देनजर भिन्न भाषा साहित्य मंडल गोंदिया ने अपने क्षेत्र की काव्य एवं साहित्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिमाह मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन कर गोंदिया बालाघाट, आमगांव के कवियों को एक मंच पर लाने का प्रयास विगत कुछ वर्षों से जारी रखा है जिस वजह से शहर एवं आसपास की काव्य प्रतिभाओं को आसपास के क्षेत्र में पहचान मिलती जा रही है। इसी प्रयास को सार्थक करते हुए नवम्बर माह की मासिक कवि गोष्ठी दि.24 नवम्बर रविवार को दोपहर में वरिष्ठ कवि ग़ज़लकार रूपचंद जुम्हारे के प्रभारी संयोजन , वरिष्ठ कवि श्री प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिनारायण चौरसिया के प्रमुख आतिथ्य एवं मराठी हिन्दी के सशक्त कवि- समीक्षक युवराज गंगाराम के विशेष आतिथ्य में बतौर दीपावली मिलन समारोह ओबीसी रेलवे कर्मचारी असोसिएशन कार्यालय, रेलवे स्टेशन मार्ग, रेलवे दवाखाना के समीप मेंआयोजित की गई। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र का पूजन एवं श्री रूपचंद जुम्हारे द्वारा मां सरस्वती की वंदना से गोष्ठी का आगाज हुआ।

इस प्रसंग पर डा. हरिनारायण चौरसिया ने शहर में एकमात्र भिन्न भाषी साहित्य मंडल द्वारा प्रारंभ मासिक कवि-गोष्ठी के वर्षों से जारी प्रयास की सराहना करते हुए मंडल के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया तथा इसी गोष्ठी में विमर्श को भी जारी रखने का मनोगत व्यक्त किया।कवि गोष्ठी में विजय मेश्राम, संतोष सिंह नैकाने, वाय टी चौधरी, चन्द्रप्रकाश बनकर, उमा गजभिये उन्मुक्त, दीपक गाजीपुरी,चिरंजीव बिसेन, सुरेन्द्र जगने, गोवर्धन बिसेन गोकुल, सुरेश बंजारा, शालू कृपाले, निखिलेशसिंह यादव, युवराज गंगाराम, रूपचंद जुम्हारे,छगन पंचे छगन, रमेश शर्मा, शशि तिवारी एवं प्रकाश मिश्रा ने दीपावली के साथ साथ हाल ही में सम्पन्न चुनाव, अन्य सामयिक संदर्भों के साथ ही गीत, ग़ज़ल, मुक्तकों को सुनाकर कवि गोष्ठी को गरिमा प्रदान की। सूत्र संचालन का कुशल दायित्व निभाया वरिष्ठ कवि छगन पंचे छगन ने। आरंभिक कार्यवाही का संचालन एवं प्रास्ताविक वरिष्ठ कवि एवं मंडल के संयोजक शशि तिवारी ने किया। इस अवसर पर शहर से प्रकाशित युवा वायु साप्ताहिक के दीपावली विशेषांक का विमोचन डा. हरिनारायण चौरसिया व अन्य अतिथियों के हाथों किया गया।


चौरसिया ने विशेषांक में प्रकाशित साहित्य सामग्रियों की सराहना करते हुए संपादक मंडल का अभिनंदन किया। उन्होंने अपने पास संग्रहित कुछ साहित्यिक पत्रिकाओं का उपस्थित कवियों साहित्य प्रेमियों को वितरण भी किया। विशेष अतिथि एवं कवि समीक्षक युवराज गंगाराम ने उनके द्वारा प्रकाशित दृष्टिक्षेपातील तत्व चिंतन विविध काव्य संग्रहों की समीक्षात्मक पुस्तक जिसमें शहर के कवि कवयित्री शशि तिवारी एवं कमलेश तिवारी के संयुक्त काव्य संकलन कलरव की समीक्षा शामिल है उन्हें सम्मान भेंट की।

इस गोष्ठी में मंडल के वरिष्ठ सलाहकार बजरंग लाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा चुलेट, ओबीसी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि शंकर यादव,युवा वायु के कार्यकारी संपादक लखन चौरावार,रेलवे अप्रेन्टिस शिप हेतु आए बाहर के कुछ युवाओं के साथ अन्य काव्य प्रेमी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन सह सचिव निखिलेशसिंह यादव ने किया।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी के दावे की याचिका खारिज

## > सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली.**



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर सुनवाई चार हफ्ते के लिए टाल दी गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने दलील दी कि बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका का मामला बेहद संवेदनशील है। ऐसे में केंद्र सरकार ने फैसला लेने के लिए और समय की मांग की। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते के लिए टाल दी।

सोमवार को बलवंत सिंह की दया याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई की। इस सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। मेहता ने कहा कि 'यह मामला बेहद संवेदनशील है। इस मामले में कुछ एजेंसियों से चर्चा की जाएगी।' इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 18 नवंबर को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव से राजोआना की दया याचिका पर विचार करने को कहा था।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर को राजोआना की दया याचिका पर केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन से चिट्ठी में अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है और अग्निकांड के समय आग बुझाने वाले यंत्रों के न चलने का भी जिक्र किया गया है। चिट्ठी में जवाबदेही तय करने और पीड़ित परिवारों को न्याय देने की मांग की गई है। वकील ने आरोप लगाया कि कई सरकारी डॉक्टर निजी क्लीनिक चलाते हैं और वे अपने क्लीनिक्स को प्राथमिकता देते हैं, जिससे सरकारी अस्पतालों में मरीज प्रभावित होते हैं। वकील ने चिट्ठी में डॉक्टर्स के निजी प्रैक्टिस करने पर सख्त गाइडलाइंस जारी करने का सुझाव दिया,

जिससे लोगों का सरकारी अस्पतालों में विश्वास स्थापित हो सके। गौरतलब है कि अस्पताल में देर रात आग लगी और आग की वजह शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है।

### पीड़ित परिवारों को न्याय देने की मांग

सुरजागढ़ खदान आगजनी मामले में सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को साल 2016 के सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान आगजनी मामले में सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई 4 दिसंबर तक के लिए टाल दी। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए और समय देने की मांग की। जिसके बाद न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने सुनवाई को स्थगित कर दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्तूबर को इस मामले में नोटिस जारी कर राज्य सरकार से जवाब मांगा था।

# वाड़ी में वरद क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

**नागपुर.**

वाड़ी स्थित सोनबा नगर, खड़ग़ांव रोड, वाड़ी में बीते रविवार को वरद क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। मातोश्री पंचफुला फुके की स्मृति में बनाया गया क्लिनिक का स्वामी समर्थ अस्पताल, नागपुर के निदेशक डॉ. प्रदीप ने किया। इस अवसर पर डॉ. फुके ने कहा कि वाड़ी क्षेत्र के निवासियों को उचित मूल्य पर मरीज मिलेंगे, उनका इरादा अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करने का है और जल्द ही मरीजों की सुविधा के लिए एक डे केयर सेंटर खोला जाएगा। इस अवसर पर डॉ नाना पोजगे, डॉ अनिल गवळी, डॉ अविनाश पिंपरकर, डॉ प्रशांत रडके, डॉ स्वप्निल नांदे, डॉ अखिलेश महल्ले, डॉ राहुल देशमुख, डॉ अजय अनासने, डॉ अनिल पावशेकर, भाजपा नेते सुजित नारनवरे, नारनवरे लिचडे सहित मोहल्ले के अधिकांश नागरिक उपस्थित थे।




# विधायक ने की नवजात शिशु के उज्जवल भविष्य की कामना



**सौंसर.**

दो दिन पूर्व सौंसर में प्राप्त अज्ञात दो माह की नवजात बालिका को देखने विधायक विजय चौरे सपत्नीक सिविल अस्पताल सौंसर पहुंचे जहां प्रतिभा विजय चौरे ने मासूम बच्ची को गौ माता का दूध पिलाकर गर्म कपड़े पहनाएं। विधायक चौरे ने कहा कि मानवता को शर्मसार कर देने वाली इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ तथा साथ ही चौरे ने जिन व्यक्तियों को नवजात शिशु दिखाई दिया उनका एवं प्रिंट मीडिया का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस घटना में सहयोग दिया। अस्पताल के सभी चिकित्सको,नर्स और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया जो बालिका को माँ का प्रेम दे रहे हैं। चौरे ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर उस बालिका के लिए हम क्या और अच्छा कर सकते है इस पर सदैव सहयोग करेंगे तथा परमेश्वर से नवजात बालिका के मंगलमय जीवन हेतु प्रार्थना की।

# मणिपुर में अफस्पा कानून का विरोध शुरू

**मणिपुर**. कई इलाकों में केंद्र सरकार द्वारा फिर से अफस्पा कानून लागू करने का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को इस फैसले के विरोध में हजारों की तादाद में महिलाओं ने विरोध मार्च निकाला। महिलाएं विरोध मार्च निकालते हुए इंफाल स्थित सचिवालय जाना चाहती थीं, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। गौरतलब है कि बीते दिनों जिरीबाम में हुई हिंसा के बाद मणिपुर के कई इलाकों में फिर से अफस्पा कानून लागू कर दिया गया है।

सोमवार को मणिपुर में मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले महिलाओं के संगठन मीरा पाइबिस ने रैली का आयोजन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाथों में प्लेकार्ड और बैनर पकड़े हुए थे और वे राज्य से अफस्पा कानून को हटाने की मांग कर रहीं थी। महिलाओं की रैली इंफाल के कोंगबा बाजार इलाके से शुरू हुई, लेकिन तीन किलोमीटर बाद ही रैली को सुरक्षा बलों ने रोक दिया।

# प्रशिक्षण शिविर में बौद्धिक,परेड

## > चल रही अनेक गतिविधियां

**सौंसर.**



समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर द्वारा बौद्ध विहार सौंसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस पर बुद्ध,डॉ आंबेडकर विचारों साहित्यकार कविवर सेनी शिक्षक एसआर शेंडे ने विचार रखते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया। विचारक डॉ वाय एल ठवरे ने बुद्ध धम्म के सिद्धांतों पर चलने प्रेरित किया। वरिष्ठ पत्रकार पीकेएस गुर्वे जी ने व्यक्तित्व विकास पर मार्मिक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर समता सैनिक दल द्वारा पदाधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें पुष्प,धम्म दुपट्टा व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस पर बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की मध्य प्रदेश राज्य की अध्यक्ष रत्नमाला पीसे द्वारा संवैधानिक अधिकारों के साथ नारी शक्ति की जन जागृति पर अपनी बात रखी। महिलाओं को अपने हक अधिकारों को समझने और आगे बढ़ाने के लिए एक प्रेरित किया। डॉ श्वेता गजभिए ने नारी शक्ति के उत्थान व महिला स्वास्थ्य चिकित्सा को लेकर मार्गदर्शन किया। इंडियन वेटरन आर्गेनाइजेशन के जिला महासचिव प्रदीप कलसकर व ऑर्गनाइजेशन के तहसील अध्यक्ष रमेश गौतम ने सैनिकी गतिविधियों व अनुशासन को लेकर मार्गदर्शन किया। शनिवार को शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र में अंधश्रद्धा निर्मूलन को लेकर जन जागृति की।

उपस्थित रहे सभी अतिथि मार्गदर्शकों का समता सैनिक दल के पदाधिकारी के द्वारा फूल, धम्म दुपट्टा, सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। समता सैनिक दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में व्यायाम प्रदर्शन लाठी,कराते प्रशिक्षण, ध्यान, बौद्धिक मार्गदर्शन, सैनिकों की अपनी विभिन्न प्रतिभाएं प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। रविवार 24 नवंबर को दोपहर 1 बजे बुद्ध विहार से नगर भ्रमण हेतु पथ संचलन निकाला जाएगा। समाज बंधुओं एवं आमजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने निवेदन किया गया है।

# पूर्व मंत्री नाना मोहोड के प्रयासों से होगा गरीबों का उपचार

**सौंसर.**

मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्वेच्छनुदान योजना से सौंसर विधानसभा के 16 जरूरतमंद लोगों का उपचार संभव हो सका है। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के प्रयासों से मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा उपचार हेतु हजारों रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। जिसमे रमेश नखाते पीपला नारायण वार 60 हजार, उमाकांत डाखोदे सौसर 40 हजार, सागर घँघारे सौसर 30 हजार, नरेंद्र बागड़े लोधीखेड़ा 40 हजार, शेजाज खान लोधीखेड़ा 20 हजार, नितेश गुप्ता पारडसिंगा 30 हजार, वीरेंद्र बड़े पारडसिंघा 40 हजार, सिद्धार्थ अंबरते सावगा 25 हजार, गुलाब वाडबुदे मोहगांव 30 हजार, अक्षय कुमारिया कबर पीपला 30 हजार, रामचन्द्र गोखे सौसर 20 हजार, दिलीप बानबोते रामाकोना 20 हजार, केशव कातकडे सावंगा 50 हजार, पद्माकर चौहान रामाकोना 25 हजार एवं वंदना रंगारे हिवरा खंडेरायवार 40 हजार का समावेश है। पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने पीड़ितों के सहयोग पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

# एआईएमआईएम की ओर से राष्ट्रपति को भेजा गया पत्र

**नई दिल्ली.**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद के विवाद को लेकर हाल ही में स्थानीय कोर्ट ने मस्जिद का सर्वे करने का आदेश दिया, जिसे लेकर मुस्लिम समुदाय और एआईएमआईएम ने तीव्र विरोध जताया है। एआईएमआईएम ने इस मामले में राष्ट्रपति को एक पत्र भेजकर पुलिस की कथित ज्यादती के खिलाफ हस्तक्षेप करने की अपील की है।

घटना के अनुसार, जामा मस्जिद में हाल ही में पुलिस द्वारा बिना मस्जिद कमेटी से बातचीत किए महेराब की खुदाई का आदेश दिया गया था। मस्जिद में नमाज अदा करने आए लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद पुलिस ने उग्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नमाजियों पर लाठियां भांकीं। विरोध की स्थिति को देखते हुए, उच्च पुलिस अधिकारियों ने बिना सोचे-समझे गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप तीन नवजवानों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



यह घटना एआईएमआईएम पार्टी द्वारा "जुल्म और अन्याय" के रूप में मानी जा रही है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1992 में जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, किसी भी मस्जिद या धार्मिक स्थल को उसकी पूर्व स्थिति में ही बनाए रखने का निर्देश था। बावजूद इसके, पार्टी का आरोप है कि हिंदू कट्टरपंथियों को उकसाने की कोशिश की जा रही है, जिससे समाज में तनाव और दंगे फैलाने का प्रयास हो रहा है।

एआईएमआईएम ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की जाए और दोषियों को नौकरी से बर्खास्त किया जाए। साथ ही, पुलिस कार्रवाई में मारे गए युवकों के परिवारों को यूपी सरकार की ओर से 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग भी की गई है।

पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय मुसलमान संविधान, एकता और अखंडता पर विश्वास रखते हैं और सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। इस तरह के घटनाओं के खिलाफ पार्टी का विरोध जारी रहेगा और वह देश में शांति बनाए रखने की अपील करती है।

पत्र में एआईएमआईएम के विभिन्न पदाधिकारियों का उल्लेख किया गया, जिनमें शकील पटेल, जावेद अख्तर, शाहिद रंगुनवाला, इसहाक मन्सूरी, सोहेल शेख, जफर सोलंकी, सोहेल सत्तार, वकार अंसारी, कलिम मिरकाशिम, निसार ताजी, और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।.

# कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट पर सड़क सुरक्षा की मांग

**कोंढाली.**

नागपूर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग (क्र. ५३/६) पर स्थित कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट क्षेत्र को सड़क सुरक्षा के लिए प्रमुख ब्लॉक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां लगातार हो रही गंभीर और प्राणघातक दुर्घटनाओं के कारण स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट, जो कोंढाली नगर के दक्षिणी भाग में स्थित है, से लगभग ४०-४२ गांवों के हजारों लोग, स्कूल जाने वाले छात्र और व्यापारी गुजरते हैं। यहां सड़क पार करते समय रोजाना दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई बार जान भी चली जाती है। पिछले कुछ वर्षों में कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें से कुछ में वाहन के नंबर तक का पता नहीं चल पाया।

इस टी पॉइंट पर हाल ही में एक दुर्घटना में शिवसेना के पदाधिकारी संजय टापरे की जान चली गई। वे कोंढाली बाजार से घर लौटते समय एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी



फुटेज खंगाल रही है। इसी प्रकार की एक और दुर्घटना में सामाजिक कार्यकर्ता नारायणराव भिवगडे की भी जान चली गई थी।

यह जानकारी कोंढाली क्षेत्र/नगर सुधार समिति के संयोजक दुर्गा प्रसाद पांडे और कौन्सिल फॉर ह्यूमन राइट्स के अध्यक्ष बबलू बिसेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेजी है। कोंढाली वर्धा टी पॉइंट पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ओवरब्रिज निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और सड़क सुधार की आवश्यकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की मांग है कि एनएचएआई इस गंभीर समस्या का समाधान जल्दी करें, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।

टी पॉइंट पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों, कोंढाली क्षेत्र सुधार समिति और कौन्सिल फॉर ह्यूमन राइट्स द्वारा एनएचएआई से जांच समिति गठित करने और आवश्यक सुरक्षा उपायों की मांग की गई है।

कोंढाली के दक्षिणी भाग के करीब ४०-४२ गांवों के नागरिकों, किसान और छात्र इस मार्ग से गुजरते हैं। कोंढाली क्षेत्र में पांच प्रमुख स्कूल हैं, जहां 4000 से अधिक छात्र पढ़ाई करते हैं।

# पीडब्ल्यूडी के चार इंजीनियरों पर मुकदमा

**नई दिल्ली.**

बदायूं के दातागंज क्षेत्र में समरेर और फरीदपुर के बीच अधूरे पुल से कार गिरने से हुई तीन लोगों की मौत का मामला सोमवार को शासन तक पहुंच गया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रांतीय खंड के दो सहायक व दो अवर अभियंताओं के खिलाफ दातागंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही चारों अभियंताओं का निलंबन भी तय है। बरेली के फरीदपुर में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे तीन युवकों की कार रविवार तड़के अधूरे पुल से करीब 20 फुट नीचे गिर गई थी। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई।



ये लोग गूगल मैप से रास्ता देखते हुए चल रहे थे। इसी दौरान बदायूं के समरेर को फरीदपुर से जोड़ने वाले रामगंगा पर बने अधूरे पुल पर चढ़ गए और हादसे का शिकार हो गए। नायब तहसीलदार छविराम की तरफ से कहा गया है कि दातागंज तहसील के समरेर से बरेली जनपद के फरीदपुर को जाने के लिए एक रास्ता गया है। इसी रास्ते पर बने पुल की एप्रोच रोड पिछले एक साल से ज्यादा समय से कटी हुई है, जिससे पुल आधा बना खड़ा है। यह जानते हुए भी कि अगर इस पुल से कोई गुजरेगा तो हादसा हो जाएगा, इसके बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने यहां कोई सतर्कता नहीं बरती। कोई अवरोधक न होने के कारण गूगल मैप भी रास्ते को सही दिखा रहा था।

यही कारण था कि हादसा हो गया और तीन लोगों की जान चली गई। इस लापरवाही के लिए सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार, महाराज सिंह व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आंबेडकर ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध किया था

## > कानून मंत्री मेघवाल का बयान

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध किया था। मेघवाल ने कहा कि आंबेडकर का मानना था कि ये कदम देश की एकता और समावेश के खिलाफ जा सकता है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान ड्राफ्ट करने वाली समिति में अहम भूमिका निभाई थी। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि जम्मू कश्मीर को विशेष



दर्जा देने वाला विधेयक जल्दबाजी में लागू किया गया.

और उस वक्त आंबेडकर सदन में मौजूद भी नहीं थे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'छात्रों के लिए भारत का संविधान' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की।

इस दौरान किताब का विमोचन भी किया गया। इसी दौरान केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 'डॉ. आंबेडकर ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को मान्यता नहीं दी थी।' मेघवाल ने कहा कि 'संविधान सभा के सामने आने वाले सभी अनुच्छेदों पर सबसे पहले डॉ. आंबेडकर ही बोलते थे। उस दौरान आधे या पूरे एक दिन से भी ज्यादा चर्चा होती थी। आंबेडकर बहस का जवाब देते थे।'

### मोदी भी आंबेडकर की तरह सच्चे देशभक्त

मेघवाल ने कहा कि 'दस्तावेज बताते हैं कि आंबेडकर ने अधिकतर बहस में अपनी बात रखी, लेकिन अनुच्छेद 370 पर उन्होंने बोलने से मना कर दिया था क्योंकि उन्होंने इसे देश की एकता और समावेशिता के खिलाफ माना।' उन्होंने दावा किया कि 'पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू ने अनुच्छेद 370 लागू करने पर जोर दिया था और उन्होंने संविधान ड्राफ्ट समिति के एक सदस्य को इसे पारित कराने की जिम्मेदारी सौंपी थी। आंबेडकर उस वक्त सदन में मौजूद नहीं थे क्योंकि वे अस्पताल गए हुए थे। यह (अनुच्छेद 370) जल्दबाजी में पारित हुआ था।' मेघवाल ने कहा कि 'डॉ.आंबेडर सच्चे देशभक्त थे और प्रधानमंत्री भी उनकी तरह सच्चे देशभक्त है, जिन्होंने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त किया।'

# बंधु नगर में गीता प्रवचनमाला का कार्यक्रम संपन्न

**नागपुर.**

आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा आयोजित गीता प्रवचन माला की श्रृंखला का कार्यक्रम हाल ही में ज़िंगबाई टकली स्थित एम बी टाऊन पार्क, बंधु नगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोहित मतानी, डीसीपी, जोन 1 उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर प्रो. सुमन जी देशपांडे और मुख्य कथावाचक डॉ. प्रकाश जी मालगावे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवद गीता के महत्व पर गहरी चर्चा की।

इस अवसर पर नागरिकों को भगवत गीता के श्लोकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया और गीता के अद्भुत तत्वों को समझाया गया।



कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री आशुतोष तिवारी, पत्रकार सौरभ कहार, और संदेश गुप्ता भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस अवसर पर अपने विचार साझा किए।

आयोजन को सफल बनाने में सर्व श्री एड. समीर दास, सी आर गिरी, सलविंदर सिंह नरवाल, अन्ना बरगट, शंकर वानखेड़े, गणेश ठवरे, अलकेश येरखेडे, रविकांत माथांकर, अंकित चौधरी, अभय कुंजवाडेकर, और एम तोड़करी का विशेष योगदान रहा।

इस कार्यक्रम में समस्त नागरिकों का स्नेह और समर्थन प्राप्त हुआ, जो आयोजन की सफलता का मुख्य कारण बना।

कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया और एक सुंदर दिव्य अनुभव के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 560-1 | 369-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 670-3 | 390-2 |
| प्रभात | 889-5 | 170-8 |
| प्रभात नाईट | 689-3 | 470-1 |
| डायमंड | 569-0 | 177-5 |
| मेन बाजार | 246-2 | - |
| मिलन डे | 155-1 | 299-0 |
| मेन रतन | 128-1 | 356-4 |
| कल्याण | 379-9 | 280-0 |
| राजधानी डे | 368-7 | 160-7 |
| राजधानी नाईट | 339-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 180-9 | 266-4 |